कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 30/11/2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में "इंटरनेशनल कंप्यूटर सिक्योरिटी डे" मनाया गया

शा.डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्ना.महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा 30 नवंबर 2024 को इंटरनेशनल कंप्यूटर सिक्योरिटी डे मनाया गया, इस अवसर पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल, गेस्ट लेक्चर श्री दीपक दास मानिकपुरी, विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक, सहायक प्राध्यापक जागृत ठाकुर, श्रीमती नीकू साहू, कु. प्रीति गुप्ता एवं पी.जी.डी.सी.ए, बी.एस.सी (सी.एस) के विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष श्री जी. आर. नायक ने अन्तराष्ट्रीय कंप्यूटर सुरक्षा दिवस के इतिहास के बारे मे बताते हुए विद्यार्थियों को मोबाइल डिवाइस में स्ट्रोंग पासवर्ड रखने ऑपरेटिंग सिस्टम एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेर को रेगुलर अपडेट करने एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेर को ट्रस्टेड सोर्स से डाउनलोड करने एवं रिक्वायर्ड परमिशन देने से सम्बंधित बातोँ को बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए ऑनलाइन फ्रोड एवं ए.आई. के द्वारा होने वाले फ्रोड के बारे में बताया एवं बचने कि सलाह दिया।

कार्यक्रम के अगली कड़ी में गेस्ट लेक्चरर श्री दीपक दास मानिकपुरी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया और उन्होंने ऑनलाइन, ऑफलाइन फ्रोड के साथ–साथ वायरस, एंटी वायरस एवं सिक्योरिटी टर्मिनोलॉजी के बारे में विस्तार से चर्चा किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.02.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

## एक दिवसीय कार्यशाला

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास प्रकोष्ठ एवं यंग इण्डिया, दुर्ग के तत्वाधान में बिल्डिंग अ स्ट्रॉग फाइनेन्स कॅरियर विथ ए आई फ्राम रिश्यूमस् टू जॉब्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आर्टिफिसियल इन्टेलिजेन्स मशीन लर्निंग रोबोटिक्स का महत्व बताते हुए छात्राओं को इनकी आवश्यक जानकारी अर्जित करने का आवाह्न किया। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि महाविद्यालयीन कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा लगातार छात्राओं को नवीन तकनीक से अपडेट किया जाता है जिसके तहत् इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यंग इण्डिया दुर्ग के श्री सूरज सोनी, चाटर्ड एकाऊण्टेंट द्वारा छात्राओं को आर्टिफिसियल इन्टेलिजेन्स का उपयोग कर सशक्त कैरियर बनाने के साथ ही विभिन्न रोजगार एवं रेसीयुम आदि में करने की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस रोचक कार्यशाला में श्री हर्ष जैन, श्री वेदान्त कनीबर एवं लगभग 200 छात्राओं ने भागीदारी निभाई। कार्यशाला का संचालन श्रीमती शिल्पा सुराना एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवातस्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# एक दिवसीय कार्यशाला









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05/03/2025

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा आज दिनांक 05.03.2025 को पी.जी.डी.सी.ए. के छात्राओं के लिए "Software Development Life Cycle" (SDLC) पर Guest Lecture का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में रिसोर्स पर्सन डॉ.एस.के. मीरी, सहायक प्राध्यापक, सेंट थॉमस कॉलेज, रूआबाँधा भिलाई थे।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक ने रिसोर्स पर्सन डॉ.एस.के. मीरी का परिचय देते हुए छात्राओं को संक्षिप्त में SDLC के बारे में बताया कार्यक्रम के अगली कड़ी में रिसोर्स पर्सन डॉ. एस. के. मीरी ने पी.पी.टी. के माध्यम से Software Development करने के लिए विभिन्न चरणों Analysis, Design, Coding, Testing, Implementation, Maintenance आदि को विस्तृत में समझाया। इसे छात्राओं को प्रोजेक्ट डेवलपमेंट करने में मदद मिली।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक, सहायक प्राध्यापक जागृत ठाकुर, श्रीमती नीकू साहू एवं कु. प्रीति गुप्ता तथा छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष श्री गणेश रामनायक एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक श्री जागृत ठाकुर ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ. रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)


Govt. Dr. W. W. Patankar Girls' PG College,Durg
DEPARTMENT OF


System
Development
Life
Cycle
(SDLC)
GPS Map Camera
Titurdiha, Chhattisgarh, India
57qw+fjx, 5 Banglows, Titurdiha, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.188568° Long 81.297149°
05/03/2025 01:15 PM GMT +05:30



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01/04/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में

## भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिकशास्त्र विभाग के तत्वाधान में एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विषय-विशेषज्ञ द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अतिथि व्याख्याता डॉ. अंजली अवधिया, शासकीय नागार्जुन विज्ञान स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर रहीं जिन्होनें छात्राओं को Qauntam Mechanics Perturbation Theory पर व्याख्यान प्रस्तुत किये साथ ही साथ छात्राओं को परीक्षा पूर्व तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर एम.एससी. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा बी.एससी. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रायें उपस्थित थी। इस कार्यक्रम से छात्रायें काफी लाभान्वित एवं प्रेरित हुए। कार्यक्रम के अंत में अतिथि व्याख्याता को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संचालन कु. पिन्टी देवी अतिथि व्याख्याता तथा आभार प्रदर्शन हीना देवांगन ने किया।









टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 02/04/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथि डॉ. अंशुमाला चंदनगर सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा ‘‘भारतीय अर्थव्यवस्था एवं ग्रामीण विकास के नये आयाम’’ विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं कौशल विकास पर सरकार द्वरा विशेष ध्यान दिया जा रहा है उन्होनें छात्राओं को बताया कि मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण स्वरोजगार योजना, लोक सेवा केन्द्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, ई–पंचायत, MSME आदि योजनाओं से भारत का ग्रामीण परिवेश बदल रहा है। भारत में सड़क एवं संचार माध्यम के विकास ने भारत के ग्रामों को बदल कर आधुनिक बना दिया है।

प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का विकसित भारत भारतीय ग्रामीण विकास के बदलते आयाम का ही परिणाम है। ग्रामीण विकास पर ही देश का आर्थिक विकास निर्भर करता है क्योंकि देश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा ग्रामों में निवास करता है।

आमंत्रित अतिथि डॉ. अंशुमाला चंदनगर ने अपने व्याख्यान में पूर्व की ग्रामीण अर्थव्यवस्था जिसमें परम्परागत कृषि एवं पशुपालन तथा मानवीय श्रम शक्ति के अधिकाधिक प्रयोग की चर्चा की और उसकी तुलना वर्तमान समय में कृषि में नई तकनीक का प्रयोग, मशीनों का अधिकाधिक प्रयोग, सौर ऊर्जा का प्रयोग आदि का उल्लेख किया।

उन्होनें अपने व्याख्यान में विभिन्न सरकारी योजनाओं का उल्लेख किया जिससे जीडीपी बढ़कर 45.76% तक बढ़ गई है। और ग्रामीण गरीबी में कमी आई है। अधोसंरचना के विकास में ग्रामों की संरचना को बदलकर रख दिया है। जिससे सतत् एवं समावेशी विकास में सहयोग मिला है। कृषि पद्धति में भी एवं समावेशी विकास में सहयोग मिला है। कृषि पद्धति में भी अत्यधिक परिवर्तन दिखाई दे रहा है, अब कृषकों का ध्यान नगदी फसल की ओर बढ़ा है, जैविक कृषि का प्रयोग हो रहा है, कवर क्रॉपिंग, फसल चक्र, एकीकृत कीट प्रबंधन, जल प्रबंधन पर ध्यान दिया जा रहा है जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुक्ता बाखला के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. दीपक कश्यप के द्वारा किया गया। व्याख्यान में एम.ए. अर्थशास्त्र की समस्त छात्राओं के साथ अन्य प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
G.e.road, Raipur Naka, 57pw+wvm, 5 Banglows, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.187507° Long 81.297223°
27/03/2025 12:37 PM GMT +05:30
Google


शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दुर्ग (छ. ग.)
अर्थशास्त्र विभाग
ऊर्जा बचाएं


शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दुर्ग (छ. ग.)
GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
G.e.road, Raipur Naka, 57pw+wvm, 5 Banglows, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.187508° Long 81.297252°
27/03/2025 12:38 PM GMT +05:30
Google

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.04.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/
गर्ल्स कॉलेज में
डिजिटल 101 जर्नी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास प्रकोष्ठ के तत्वाधान में डिजिटल 101 जर्नी फ्यूचर स्कील प्राइम – मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इनफारमेंशन टेक्नॉलाजी, भारत सरकार द्वारा बाजार की आवश्यकताओं को देखते हुए फ्यूचर स्कील प्राइम टीम ने डिजिटल 101 पहल को डिजाईन किया है। जिसमें कौशल अंतर को भरने का प्रयास किया गया है। इसी तारतम्य में डिजिटल 101 जर्नी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यशाला में भावी कौशल नियोजन में प्रतिभा मूल्यांकन की अप्रयुक्त क्षमता की खोज करना, संगठनों को वर्तमान कार्यबल कौशल और भविष्य की सफलता के लिए आवश्यक कौशल की कमी को पूर्ण करने में सहायता करना तथा अधिकतम प्रभाव के लिए लक्षित अपस्किलिंग एवं रिस्किलिंग कर सक्षम बनाना इस प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य है।

प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि डिजिटल 101 एक नए व्यावसाय माडल की ओर बढ़ने की प्रक्रिया के रूप में पारिभाषित किया गया है, जो राजस्व और अवसर उत्पन्न करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता है जो बदले में अधिक मूल्य प्रदान करते हैं। कौशल प्रशिक्षण का अर्थ है किसी व्यक्ति को किसी विशेष क्षेत्र में कार्य करने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल सिखाना। इन नई तकनीकों को सीखने से अपने कॅरियर की सम्भावनाऐं तो बेहतर होती हीं है, साथ ही अधिक रोजगार के अवसर, स्वरोजगार के लिए तैयारी, आय में वृद्धि संभव होती है।

इस अवसर पर डॉ0 वैभवशंकर सोनी ने कहा कि फ्यूचर स्कील प्राइम एक कौशल पारिस्थितिकी तंत्र है जो नेसकॉम एवं आई0 टी0 उद्योग के बीच साझेदारी द्वारा संचालित है जिसका उद्देश्य भारत को उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रतिभा का वैश्विक केन्द्र बनाना है जिसमें 10 सबसे अधिक मांग वाली प्रौद्योगिकियों की बुनियादी अवधारणाओं को संक्षेप में बताते हैं। विषय विशेषज्ञ अधिकृत स्कील एजेन्ट श्री रघुराम के अनुसार डिजिटल 101 प्रमुख तकनीकि और व्यावसायिक कौशल का निर्माण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ का सृजन है और यह पेशेवर सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यशाला में छात्राओं ने जर्नी 101 का संचालन सीखा। इस अवसर पर डॉ0 मोहम्मद शोएब, श्री जागृत ठाकुर, डॉ0 संध्या यादव, डॉ0 दीपक कश्यप, डॉ0 चांदनी अफसाना, कु0 मधु पाण्डे, कु0 तबस्सुम एवं छात्राऐं उपस्थित थे।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवातस्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

डिजिटल 101 जर्नी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेल रोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: https://govtgirlspgcollegedurg.ac.in/

कॉलेज कोड : 1602

अकादमिक वर्ष : 2024

समिति/विभाग : Department of English.

संयोजक : Vandana Banjare.

कार्यक्रम : Under English Club "Reading activity"

वक्ता : Dr. Sandhya Singh Yadav.

प्रतिभागी छात्र संख्या : 35 आयोजन तिथि : 14/12/2024

कार्यक्रम का उद्देश्य : To enhance the reading skills of students for eg:- Voice modulation, Pronunciation perfection, to avoid fumbling, overcome nervousness, and to enhance confidence and vocabulary.

निष्कर्ष : Initially students were hesitating to participate in activity but after motivation lots of students shown their participation. A concise valuation was done by the mentors and suggestions were given to students like avoid hasty reading to do voice modulation, perfect Pronunciation, avoid fumbling and to overcome nervousness and enhance confidence and vocabulary.

हस्ताक्षर
(समिति संयोजक)

कॉलेज सील
Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

हस्ताक्षर एवं सील
प्राचार्य

**OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVT. DR. W. W. PATANKAR GIRLS P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)**

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com

Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code: 1602


Durg, Date 14/12/2024

# /Report/

Dr. W. W. Patankar Girls P.G College, Durg, Chhattisgarh, Department of English has organized "Reading Activity " under the English Club created for students of College in which all students participated enthusiastically and given an optimistic response. This Club has been organized in-order to enhance the confidence, voice modulation, perfect pronunciation, vocabulary and to overcome nervousness of the students.

During this event the H.O. D of English Department Mrs. VandanaBanjare, Dr. Sandhya Singh Yadav and MeghaSahu had given their active co-operation.









Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

कार्यालय प्राचार्य शासकीय, डॉ. व. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ. ग.)
पूर्व नाम–शासकिय कन्या महाविद्यालय, (दुर्ग छ.ग.) फोन:- 0788-2323773
Email:- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

विभाग का नाम : Department of English.

दिनांक : 14/12/2024 कार्यक्रम : Reading activity

| क्र. | विद्यार्थी का नाम | हस्ताक्षर | क्र. | विद्यार्थी का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ayushi Singh | Ayush | 36 | | |
| 2 | Neha Dhimar | Neha | 37 | | |
| 3 | Vaidehi Soni | V.Soni | 38 | | |
| 4 | Kiran Nishad | Knishad | 39 | | |
| 5 | Vibha sahu | [illegible] | 40 | | |
| 6 | Poornima Yadav | Poornima | 41 | | |
| 7 | laxmi sahu | laxmi | 42 | | |
| 8 | Kumkum chaturvedi | Kumkum | 43 | | |
| 9 | Pallavi Deshmukh | Pallavi | 44 | | |
| 10 | PRACHI YADAV | Prachi | 45 | | |
| 11 | Sushmita Samad | Sushmita samad | 46 | | |
| 12 | ISHa Yadav | ISHa Yadav | 47 | | |
| 13 | Bhilman Thakur | S.Thakur | 48 | | |
| 14 | Nikita | Nikita | 49 | | |
| 15 | Shivani Gupta | शिवानी गुप्ता | 50 | | |
| 16 | Vaeesha | Vaeesha | 51 | | |
| 17 | Sadha yadav | Sadhna | 52 | | |
| 18 | Bhumika Sahu | Bhumika | 53 | | |
| 19 | Vishu Chandrakar | Vishu | 54 | | |
| 20 | Payal Chandrakar | Payal | 55 | | |
| 21 | Deepika Banjare | Deepika | 56 | | |
| 22 | Saba | Saba | 57 | | |
| 23 | sweta | Sweta | 58 | | |
| 24 | vridhi | [illegible] | 59 | | |
| 25 | Harshita | [illegible] | 60 | | |
| 26 | Mehandi Yadav | Mehandi | 61 | | |
| 27 | Pinky | Pinky | 62 | | |
| 28 | Rinki Thakur | RT | 63 | | |
| 29 | Pallavi Bharti | Pallavi | 64 | | |
| 30 | Roshni Raipuriya | Roshni | 65 | | |
| 31 | Ragini Raipuriya | Ragini | 66 | | |
| 32 | Prerana Gupta | Prerana | 67 | | |
| 33 | chitrarekha | chitrarekha | 68 | | |
| 34 | Damini Sahu | Damini | 69 | | |
| 35 | Damini Goyal | Damini | 70 | | |

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' P.G. College ★ DURG

GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRL'S PG COLLEGE,
Near Kendriya Vidyalaya, Jail Road, Durg (C.G.)
(Old Name : Govt. Girls PG College, Durg) Pincode : 491001 Ph. No. 0788-2323773
Email – govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

**Activity FeedBack Form**

**Department:** English

**Name of Activity:** Alumini

**Date:** 14/1/25

1. Name of the Student Vaidehi Soni
2. Class M.A. I English
3. Email Vaidehisonihd@gmail.com
4. Mobile. No.: 6268266717
5. Did do you find the program useful for you? Yes / No
6. Suggestion:- ..................

..................

GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRL'S PG COLLEGE,
Near Kendriya Vidyalaya, Jail Road, Durg (C.G.)
(Old Name : Govt. Girls PG College, Durg) Pincode : 491001 Ph. No. 0788-2323773
Email – govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

**Activity FeedBack Form**

**Department:** English

**Name of Activity:** Alumini

**Date:** 14/1/25

1. Name of the Student Kiran Nishad
2. Class M.A I Sem English
3. Email kirannishad350@gmail.com.
4. Mobile. No.: 7697246641
5. Did do you find the program useful for you? Yes / No
6. Suggestion:- ..................

..................

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेल रोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788--2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: https://govtgirlspgcollegedurg.ac.in/

कॉलेज कोड : 1602

अकादमिक वर्ष : 2024-25

समिति/विभाग : Department of English

संयोजक : Mrs. Vandana Banjare

कार्यक्रम : Alumni meet - Guest Lecture
Topic - English Language teaching

वक्ता : Ms. Waneo Dilliwar

प्रतिभागी छात्र संख्या : 24 आयोजन तिथि : 14-01-25

कार्यक्रम का उद्देश्य : The session /Lecture aimed to understand the aspects of English language teaching.

निष्कर्ष : The Lecture was very useful and Appreciated by the students for various perspectives on teaching and learning English.

हस्ताक्षर
(समिति संयोजक)

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College + DURG
कॉलेज सील

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)
हस्ताक्षर एवं सील
प्राचार्य

**GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRLS' P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)**
(Old Name: Govt. Girls PG College, Durg) Pincode-491001, Ph No. 2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

**Date : 14/01/2025**

# Report On
# Department of English
# Alumni Teach

The department of English organized an enlightening guest lecture on English Language Teaching on 14/01/25 delivered by our esteemed alumna, Wanee Dilliwar. The lecture highlighted significant contributions to English language teaching and their academic achievements. Wanee then delved into topics such as role of technology in language education interactive teaching strategies and the importance of understanding cultural contexts in teaching English. The session was highly interactive, with students posing questions about challenges in language acquisition and teaching in multilingual settings. In her concluding remarks the HOD of the department expressed gratitude to wanee dilliwar for her inspiring session and encouraged students to apply the knowledge gained in their academic and professional journeys. The lecture was not only informative but also motivated practices in English language teaching.







Mrs. Vandana
HOD
Dept. of English

Dr. Ranjana Shrivastava
Principal
Govt. Dr.W.W. Patankar Girls
PG College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य शासकीय, डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ. ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय, (दुर्ग छ.ग.) फोन:- 0788-2323773

Email:- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 302

विभाग का नाम: English

दिनांक: 14-01-25 क्रार्यक्रम: Alumni

| क्र. | विद्यार्थी का नाम | हस्ताक्षर | क्र. | विद्यार्थी का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.) | Vaidehi Soni | Vsoni | 21 | Manju Sahu | Manju |
| 2.) | Ayushi Singh | Ayush. | 22 | Trishla Kaushik | Trishla |
| 3.) | Kiran Nishad | Nishad | 23. | Gitu Yadav | Gitu |
| 4) | Saba Afreen | Saba | 24 | Sanjana | Sanjana |
| 5) | Sweta Thakur | Shweta | | | |
| 6.) | Anjali Sahu | Anjali | | | |
| 7) | Shreyanshi Jain | Shreyanshi | | | |
| 8.) | Sanjana Sahu | Sanjana | | | |
| 9) | Preksha Yadav | Preksha | | | |
| 10) | Lalita Verma | Lalita | | | |
| 11) | chetna sahu | chetna | | | |
| 12 | Bhumika Nishad | Bhumika | | | |
| 13 | Anjali Baghel | Anjali | | | |
| 14 | Yamini Yadav | Yamini | | | |
| 15 | Jyoti Nayak | Jyoti | | | |
| 16 | Varsha Yadav | Varsha | | | |
| 17. | Kaveri YAdav | Kaveri | | | |
| 18. | Dileshwari Yadav | Dileshwari | | | |
| 19 | Godawari Sahu | Godawari | | | |
| 20 | KAMNI SAHU | KAMNI | | | |

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08/10/2024

## // प्रेस विज्ञप्ति //
## गर्ल्स कॉलेज में देसी डे
## नवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग महाविद्यालय में देसी–डे तथा नवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकला तथा मूर्तिकला विभाग द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में अलग–अलग विभागों के छात्राओं ने अपनी चित्रकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का विषय माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित था तथा चित्रकला A3 आकार में बनाना सुनिश्चित किया गया था ।

प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सुनीता गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग, डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. मिलिन्द अमृतफले, सहायक प्राध्यापक, संगीत थे।

निर्णायकों ने छात्राओं के द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की तथा सभी चित्रों का निष्पक्ष रूप से निर्णय लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन किया तथा नवदुर्गा आधारित विषय पर अपने विचार रखे। महाविद्यालय में इस प्रकार के प्रतियोगिता आयोजन की सराहना की तथा छात्राओं को दिशा निर्देश दिए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. मधु निर्मलकर बी.कॉम. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कु. रिया बारले एम. ए. तृतीय सेमेस्टर अंग्रेजी, तृतीय स्थान कु. श्रेया चौबे एम.एस.सी. रसायन शास्त्र, तथा सांत्वना पुरस्कार कु. तुलेश्वरी एम.ए. प्रथम सेमेस्टर रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. ऋचा ठाकुर, विभागाध्यक्ष, नृत्य विभाग के मार्गदर्शन में अतिथि शिक्षक सहायक तृप्ति खरे, मूर्तिकला विभाग तथा निर्वेर साहू, चित्रकला विभाग ने सफलतापूर्वक प्रतियोगिता का आयोजन किया।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में देसी डे

## नवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में

### गांधी जयंती के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में इतिहास विभाग द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

प्रतियोगिता को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन में छात्राओं की भूमिका प्रमुख है। उनके अंदर की छिपी प्रतिभा सामने आती है

इस प्रतियोगिता में एम.ए. प्रथम वर्ष की एलेक्सा अंजुम प्रथम तथा पीहुल सोनबेर एवं पायल यादव क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता के निर्णायक तृप्ति खरे, सहायक अतिथि शिक्षक, मूर्तिकला और निर्वेर साहू, सहायक प्राध्यापक, चित्रकला थे।

डॉ. ऋचा ठाकुर, विभागाध्यक्ष, नृत्य विभाग के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता संपूर्ण हुआ। कार्यक्रम के संयोजन में प्रियंका बारला, सहायक प्राध्यापक, इतिहास ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में

## गांधी जयंती के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता






दुर्ग, दिनांक : 10.01.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में वार्षिक उत्सव के अंतर्गत साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस के अंतर्गत तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में कु0 आर्या अवस्थी प्रथम, कु0 कविता मालेकर द्वितीय एवं कु0 प्रेक्षा यादव तृतीय स्थान पर रहीं। पूजा सामग्री थाल प्रतियोगिता में कु0 किरण निर्मलकर प्रथम, कु0 भाग्यश्री द्वितीय एवं कु0 मनीषा धृतलहरे तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में अलिशा नूर प्रथम, कु0 किरण निषाद द्वितीय एवं कु0 श्रेयांशी जैन तृतीय स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और उन्होंने अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को वार्षिक सम्मेलन में पुरस्कृत करने की जानकारी दी। छात्रसंघ प्रभारी डॉ0 अनुजा चौहान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्राओं की प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रभारी एवं उनके सदस्यों के सहयोग से आज की प्रतियोगिता सुचारू रूप से सम्पन्न हुई।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कन्या महाविद्यालय में
विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.09.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

# हिन्दी दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी परिषद् का गठन एवं हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी भाषा को राजभाषा की मान्यता दी। हिन्दी को राजभाषा बनाने में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का विशेष योगदान रहा है। हिन्दी विश्व स्तर की भाषा है, जो विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। भारत में लगभग 80 से 90 करोड़ लोग हिन्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। हिन्दी फीजी की आधिकारिक भाषा है तथा सूरीनाम गुयाना मारिशस तृणिदाद में हिन्दी का प्रयोग क्षेत्रीय भाषा के रूप किया जाता है। देश में बिहार पहला राज्य था जिसने सन् 1981 में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया। हिन्दी में ढाई लाख मूल शब्द है। हिन्दी का पहला टाइपराईटर 1930 में प्रारंभ हुआ। दुनिया की सबसे लम्बी कविता 'जल बचाव–कल बचाव' है, इसकी लेखिका ममता नौगरैया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान की जाने वाली बुकर पुरस्कार 2022 में हिन्दी उपन्यास रेत समाधि की लेखिका गीतांजलीश्री को मिली। इस प्रकार उन्होंने विश्व में हिन्दी की समृद्धि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

श्रीमती ज्योति भरणे ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी भाषा ही नहीं अपितु हमारी संस्कृति की विरासत है। हिन्दी हमारी मातृभाषा है, हिन्दी हमारी भावों एवं संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का साधन है। हिन्दी हमारी अनमोल भाषा है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की छात्राऐं कु0 ज्योति बंजारे, कु0 भिनेश्वरी, कु0 कविता मालेकर, कु0 कविता ठाकुर, कु0 दिव्या चापड़े, कु0 अर्चना, कु0 नेहा ने अपने विचार रखे। जिन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती राठौर ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष हिन्दी ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# हिन्दी दिवस


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग
हिन्दी वि
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना



**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)**
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 16.11.2024**

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## युवा उत्सव

## गर्ल्स कॉलेज में क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा युवा उत्सव के अन्तर्गत दो नई विधाओं (क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग) पर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है। जिसके परिपालन में शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा विगत दिनांक 14.11.2024 को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी, प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने इन दो नई विधाओं की शुरुआत होने पर हर्ष व्यक्त किया तथा प्रतिभागियों की उत्सुकता एवं उत्साह से प्रभावित होकर उन्हें भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित किया।

क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में कुल 10 छात्राओं ने भाग लिया जिसका विषय–मातृ एवं शिशु रखा गया प्रथम स्थान मुस्कान यादव, बी.ए.तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान–यामिनी कुरैती, बी.ए. तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान माधवी वैष्णव, बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं स्नेहा चन्द्राकर बी.ए.तृतीय वर्ष रहे।

कार्टूनिंग प्रतियोगिता में कुल 9 छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसका विषय– भारतीय अर्थव्यवस्था रखा गया। प्रथम स्थान–कु. हिमांशी निर्मलकर बी.कॉम द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान–कु. रिया बारले, एम.ए.तृतीय सेमेस्टर अंग्रेजी एवं तृतीय स्थान– कु. मुस्कान टांडी बी.कॉम प्रथम वर्ष रही।

कार्यक्रम की प्रभारी तृप्ति खरे (अतिथि शिक्षण सहायक) मूर्तिकला विभाग एवं निर्वेर साहू, (अतिथि शिक्षण सहायक) चित्रकला विभाग ने सफलता पूर्वक प्रतियोगिता का आयोजन किया।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

**(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)**
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : **16.11.2024**

//प्रेस विज्ञप्ति//

# युवा उत्सव

## गर्ल्स कॉलेज में क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College code : 1602

दुर्ग, दिनांक 20.06.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

## गर्ल्स कॉलेज में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के क्रीडाविभाग एवं योगा विभाग के द्वारा 20.06.2024 को ' विश्व योग दिवस' के अवसर पर योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल, अध्यक्षता डॉ0 उषा चंदेल, सहायक प्राध्यापक, वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। अपने सम्बोधन में कहा कि योग दैनिक जीवन में आवश्यक रूप से करना चाहिए इससे चित्त और शरीर दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। योगासन प्रतियोगिता 04 आयु समूह में सम्पन्न करायी गई इस प्रतियोगिता में कुल 45 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 18 से 24 आयु समूह में प्रथम स्थान पर कु0 गौरी, शास0 विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग, द्वितीय स्थान पर कु0 सारिका, भारती देवसंस्कृति महाविद्यालय एवं तृतीय स्थान पर कु0 शिल्पी यादव, शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग रही।

25 से 30 आयु समूह में प्रथम स्थान पर कु0 राजेश्वरी, सुराना महाविद्यालय, दुर्ग द्वितीय स्थान पर कु0 मंजूला साहू, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग एवं कु0 भूमिका उपाध्याय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग तृतीय स्थान पर रहीं। 31 से 40 आयु समूह में प्रथम स्थान पर कु0 ममता, सुराना महाविद्यालय, दुर्ग द्वितीय स्थान पर कु0 हीना सोनी, सुराना महाविद्यालय, दुग एवं कु0 टिकेश्वरी, भिलाई नायर समाजम् तृतीय स्थान पर रहीं। 41 से 50 आयु समूह में प्रथम स्थान पर कु0 राखी डे, भिलाई नायर समाजम् एवं श्रीमती संतोष शर्मा, द्वितीय स्थान पर शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ0 मेजर सिंह, विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, मनसा महाविद्यालय, कोहका भिलाई, डॉ0 नीरा सिंह, सहायक प्राध्यापक, विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग एवं श्री पंकज यादव, सहायक प्राध्यापक, योग, सुराना महाविद्यालय, दुर्ग उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के पश्चात् महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल, क्रीडा समिति की संयोजिका डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 के0 एल0 राठी, सहायक प्राध्यापक ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन क्रीडाधिकारी डॉ0 ऋतु दुबे, कु0 मालती साहू, सहायक प्राध्यापक योग के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 ऋचा ठाकुर, डॉ0 रेशमा लाकेश, श्रीमती ज्योति भरणे, श्रीमती वंदना बंजारे, श्री विमल यादव एवं श्री विजय चन्द्राकर उपस्थित थे।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

D/H/RITU/LETTER


खेल विभाग

ज्ञ


डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग
खेल विभाग
आपका हार्दिक अभिनंदन करता है !
विश्व योग दिवस
आयोजक - क्रीड़ा विभाग एवं योग विभाग

र-


शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
महाविद्यालय, जिला -
विश्व योग
आयोजक - क्रीड़ा विभाग एवं योग

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.02.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज के

## अर्थशास्त्र विभाग में पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता एवं पीपीटी का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन एवं पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एम0 ए0 अर्थशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। छात्राओं ने भारत में बेरोजगारी, भारत में नई औद्योगिक नीति, जनसंख्या प्रवास, आर्थिक संसाधन तथा सतत् विकास जैसे ज्वलंत आर्थिक मुद्दों को पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन के रूप में प्रस्तुत किया। पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन का उद्देश्य छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना एवं विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। जिसका विषय पर्यावरणीय संरक्षण एवं आर्थिक प्रभाव था। छात्राओं ने इस विषय को पोस्टर के माध्यम से बहुत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की ज्वलंत समस्या है। आर्थिक विकास के लिए प्राकृतिक साधनों का संरक्षण बहुत आवश्यक है। देश के हर नागरिक को इसे समझना और इसमें सहयोग देना देश के विकास के लिए नितांत आवश्यक है। विभागाध्यक्ष डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम व्यक्तित्व एवं बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए अत्यंत ही उपयोगी है। छात्राओं ने पोस्टर निर्माण द्वारा यह अवश्य अनुभव किया है कि पर्यावरण संरक्षण आर्थिक विकास के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा – प्रथम स्थान किया कु0 चंचल यादव, एम0 ए0 तृतीय सेम0, द्वितीय स्थान पर कु0 शबीना, एम0 ए0 चतुर्थ सेम0 एवं कु0 तृप्ति साहू, एम0 ए0 द्वितीय सेम0 तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु0 अंजली बंसल, एम0 ए0 द्वितीय सेम0 एवं कु0 ट्विकंल यादव, एम0 ए0 चतुर्थ सेम0।

पोस्टर निर्माण एवं पीपीटी यह सभी विभागीय गतिविधियां डॉ0 मुक्ता बाखला एवं डॉ0 दीपक कश्यप निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# अर्थशास्त्र विभाग में पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता एवं पीपीटी का आयोजन








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 31.07.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

## गर्ल्स कॉलेज में मुंशी प्रेमचंद जयंती मनाया गया

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनायी गईं। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 अनिल कुमार जैन ने कहा कि प्रेमचंद देश और समाज के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदहाली को सामने रखते हुए साहित्य रच रहे थे। प्रेमचंद जी कहते हैं कि क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात नहीं कहोगे ? और आजीवन निर्भिकला से प्रेमचंद अपने सम्पूर्ण साहित्य में ईमान की बात करते आए हैं। प्रेमचंद सच्चे अर्थों में राष्ट्रीयता के, प्रगतिशीलता के और मानवतावाद के लेखक हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेमचंद के साहित्य को पढ़कर जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने के लिए है। वे समाज की जटिलताओं विसंगतियों को उन्होंने अपनी कहानी व उपन्यास में चित्रित किया। वे ग्रामीण जीवन की दुर्बलताओं, किसानों की आर्थिक व्यवस्था, हिन्दू मुस्लिम एकता, विधवाओं की समस्या को उन्होंने अपने उपन्यासों का विषय बनाया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की कु0 नेहा ढीमर, ज्योति बंजारे, भिनेश्वरी, राजलक्ष्मी सोनी आदि छात्राओं ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती सिंह राठौर ने व आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

(डॉ0 अनिल जैन)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग
हिन्दी





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 24.02.2025

## // प्रतिवेदन //

## मातृभाषा दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में हिंदी विभाग द्वारा मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस भाषा से व्यक्ति सबसे पहले बोलना सीखता हैं वही उसकी मातृभाषा होती है धरती माँ की गोद की भाषा को मातृभाषा कहते हैं। दरअसल हम अपने भावों का अनुभव पीड़ा, दर्द, खुशी और विचारों का अनुभव अपने मातृभाषा में करते हैं। भाव से भावों को जोड़ने का कार्य करती है मातृभाषा।

श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि मराठी भाषा अत्यंत समृद्ध हैं। उन्होंने मराठी में कहा कि संस्कृत पासून जवण – जवण सर्व भाषांचा उदय झाला। संस्कृतला इतर भाषांची आई म्हणात येइल। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव विभागाध्यक्ष ने कहा की मातृभाषा छत्तीसगढ़ी क्षेत्रीय बोलियाँ में साहित्यिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। अर्धमागधी से उत्पन्न पूर्वी हिंदी की छत्तीसगढ़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण बोली है जो साहित्यिक एवं राष्ट्रभाषा हिंदी को सशक्त बनाती है।

इस अवसर पर प्राध्यापक गण डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मोनिया राकेश, श्रीमती वंदना, डॉ. दीपक कश्यप, श्री अरविंद लोखण्डे आदि ने अपने विचार रखे साथ ही छात्राओं ने भी मातृभाषा पर विचार रखे।

इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (CGCOST) एवं (NCSTC, DST) द्वारा प्रायोजित किया गया।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)













NATIONAL SCIENCE DAY CELEBRATION
28th February, 2025
Theme of the Year
"Empowering Indian Youth for Global Leadership in Science & Innovation for Viksit Bharat
ORGANISED BY
GOVT. DR. W. W. PATANKAR GIRLS' P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)
GPS Map Camera
Titurdiha, Chhattisgarh, India
Durg, 57qw+3vh, 5 Banglows, Titurdiha, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.187614° Long 81.297296°
01/03/2025 11:35 AM GMT +05:30


NATIONAL SCIENCE DAY CELEBRATION
28th February, 2025
Theme of the Year
"Empowering Indian Youth for Global Leadership in Science & Innovation for Viksit Bharat
ORGANISED BY
GOVT. DR. W. W. PATANKAR GIRLS' P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)




HUMAN GENETIC DIVERSITY AND HEALTH IMPLICATIONS
Anil Kumar
NATIONAL SCIENCE DAY CELEBRATION
28th February, 2025
Theme of the Year
"Empowering Indian Youth for Global Leadership in Science & Innovation for Viksit Bharat
ORGANISED BY
GOVT. DR. W. W. PATANKAR GIRLS' P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)
[ NAAC Accredited Grade B++ & DBT Star College ]
Catalysed and Supported by
Chhattisgarh Council of Science & Technology and National Council for Science & Technology Communication (NCSTC), DST
Government of India, New Delhi
GPS Map Camera
Titurdiha, Chhattisgarh, India
Durg, 57qw+3vh, 5 Banglows, Titurdiha, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.187603° Long 81.297298°
01/03/2025 12:09 PM GMT +05:30


NATIONAL SCIENCE DAY CELEBRATION
28th February, 2025
Theme of the Year
"Empowering Indian Youth for Global Leadership in Science & Innovation for Viksit Bharat
ORGANISED BY
GOVT. DR. W. W. PATANKAR GIRLS' P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.03.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

## योग विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में योग विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के डॉ0 राजीव चौधरी, प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा विभाग, विभागाध्यक्ष विधि को आमंत्रित किया गया था। सर्वप्रथम महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका कु0 खुशबू साहू, योग ने डॉ0 चौधरी को पौधा देकर सम्मानित किया। क्रीडा समिति की संयोजिका डॉ0 सुषमा यादव ने भी डॉ0 चौधरी को पौधा देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्‌बोधन में योगा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो दौड़ना, व्यायाम करना पसंद नहीं करते उन्हें अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। योग द्वारा हम अपने स्वाथ्यगत परेशानियों को बढ़ने से रोक सकते हैं। योग द्वारा हमारे शरीर में डोपामाइन हार्मोंस स्त्राव होता है जिससे हम प्रसन्न रहते हैं, हमारा मानसिक तनाव कम होता है। शारीरिक परेशानियों के साथ ही हम मानसिक परेशानियों को भी योग द्वारा कम कर सकते हैं। डॉ0 चौधरी ने हठ योग पर प्रकाश डालते हुए प्राणायाम के प्रकार एवं फायदे के बारे में विस्तार से बताया कि प्राणायाम को दो वर्गों में विभक्त किया गया है अष्टकुम्भक एवं नाड़ीशोधन प्राणायाम। उन्होंने मुद्रा एवं मुद्रा के प्रकार तथा मुद्रा अभ्यास कराया एवं महामुद्रा से छात्राओं को परिचित कराया। बंध क्या है एवं बंध के प्रकार को विस्तार से समझाया तथा जालांधर बंध पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

व्याख्यान के अंत में उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर दिए एवं उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया साथ ही छात्राओं की इस मिथ्या को दूर किया कि योगाभ्यास द्वारा आंखों की रोशनी बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आंखों की रोशनी को बढ़ने से रोक सकते हैं, उसे कम नहीं कर सकते। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 चौधरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ0 ऋतु दुबे एवं कु0 खुशबू साहू ने किया। इस अवसर पर योग विभाग की भूतपूर्व एवं वर्तमान छात्राऐं उपस्थित थी।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# योग विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का शुभारंभ

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के गणित विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के तत्वाधान में राष्ट्रीय गणित दिवस का उद्घाटन किया गया। एक सप्ताह तक होने वाले इस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रभारी प्राध्यापक डॉ0 अनुजा चौहान ने दी। जिनमें निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता, गणित ज्ञान प्रतियोगिता, Maths with Fun डाक्यूमेन्ट्री मूव्ही (शार्ट मूव्ही) एवं अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने गणित के महत्व को बताते हुए कहा कि गणित का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। हमें दोस्तों को जोड़ देना चाहिए, दुश्मनों को घटा देना चाहिए और परिवार के सदस्यों को गुणा कर देना चाहिए। गणित में शून्य की शुरूवात को विश्लेषित किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि छात्राओं को गणित विषय के साथ बेहतर कैरियर बनाने के अवसर अब बढ़ते जा रहे हैं।

गृहविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ0 अमिता सहगल ने गृहविज्ञान जैसे विषय में भी गणित की उपयोगिता को रेखांकित किया। विभागाध्यक्ष डॉ0 अनुजा चौहान ने भारत के ख्याति नाम डॉ0 श्रीनिवास रामानुजम् की गणितीय उपलब्धि का विश्लेषण करते हुए बताया कि 22 दिसम्बर को इनके जन्मदिन को ही राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सात दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं के अलावा गणित विभाग की डॉ0 सुमन सिंह, डॉ0 मोनिका देवांगन, डॉ0 के0 एल0 राठी एवं कई प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# राष्ट्रीय गणित दिवस का शुभारंभ



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.02.2025

//प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में निराला जयंती

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा बसंत पंचमी एवं निराला जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी अपना जन्मदिन बसंत पंचमी को मनाते थे, उन्हें वसंत का अग्रदूत भी कहा जाता है, वे भक्ति, शक्ति एवं कमजोर वर्ग के सशक्त कवि के रूप में जाने जाते है। निराला हिन्दी साहित्य के युगांतकारी साहित्यकार हैं।

डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष, भूगोल ने कहा कि निराला अपने व्यक्तिगत जीवन में आजीवन संघर्ष करते रहे। आजीविका के लिए संघर्ष, स्वयं को साहित्य जगत में स्थापित करने के लिए संघर्ष इसलिये इनको महाप्राण कहा जाता है।

हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि निराला ने अपनी कविताओं में सामाजिक विषमताओं का यथार्थ वर्णन किया है 'तोड़ती पत्थर', भिक्षुक, कुकुरमुत्ता आदि इसके सर्वोत्कृष्ट उदाहरण हैं। वर्तमान समय में उनका साहित्य अत्यंत प्रासंगिक है।

हिन्दी की सहायक प्राध्यापक श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि उनके लेखन में नवजागरण, राष्ट्रीयता, समाजसुधार, व्यक्तिगत चेतना का गहरा प्रभाव है। समाज में पर्याप्त सामाजिक अन्याय एवं शोषण के खिलाफ अवाज उठाई है। उनका साहित्य लोगों के लिए प्रेरणादायक है।

निराला जयंती के अवसर पर कविता मालेकर, भिनेश्वरी, वर्षा, नेहा, कविता, जागेश्वरी, कुंजलता, जान्हवी आदि छात्राओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबंधित काव्य पाठ किया। डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. दीपक कश्यप, श्री नितिन देवांगन आदि इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरती सिंह राठौर ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

# गणित दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर गणित दिवस का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में आज गणित विभाग की 65 छात्राओं ने गणित के विभिन्न आयामों को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद्, रायपुर के सौजन्य से सम्पन्न किया जा रहा है। इस तरह के आयोजन से छात्राओं की गणित जैसे कठिन विषयों के प्रति समझ एवं रूझान बढ़ती है।

आयोजन की संयोजिका डॉ0 अनुजा चौहान ने जानकारी दी कि गणित सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, गणित ज्ञान प्रतियोगिता, मैथ्स विद फन, लघु फिल्म एवं अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है।

आज पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इसकी थीम थी – 'गणित हमारे चारों ओर'। प्रतियोगिता आयोजन में गणित विभाग की अतिथि व्याख्याता डॉ0 सुमन सिंह एवं डॉ0 मोनिका देवांगन का भी योगदान रहा।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# गणित दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 05.06.2024

## //प्रेस विज्ञप्ति//
## शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में भूगोल विभाग के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष, भूगोल ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम भी तय की जाती है। पिछले साल थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित थी तथा इस वर्ष की थीम "Land Restoration, Desertification And Drought Resilience" है। इस थीम का फोकस मरूस्थलीकरण और वन–विनाश को रोकना है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का फैसला साल 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्टॉकहोम सम्मेलन में किया गया था जिसकी थीम पर्यावरण संरक्षण थी इसके बाद प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है अतः पृथ्वी के पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर भूगोल विभाग की छात्राओं के द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गयी एवं वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर विभाग की छात्राएँ – कु. मानसी ठाकुर, उमा साहू, अंशू बंजारे, नम्रता एवं अन्य छात्राएँ उपस्थित थी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष ने किया तथा आभार प्रदर्शन कु. मानसी ठाकुर ने किया।

**(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)**
**प्रभारी प्राचार्य**
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

## शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 05.06.2024

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व का पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है इसकी सुरक्षा हेतु पेड़–पौधे की कटाई को रोकते हुए अधिक से अधिक मात्रा में पौधा रोपण कर पर्यावरण को बचाना हम सबका दायित्व है। बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण वातावरण प्रदूषित होते जा रहा है जिसका मनुष्य के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अतः जल, जमीन, जंगल का संरक्षण आज के संदर्भ में अति आवश्यक है।

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया भिलाई इकाई के चेयरमेन श्री के. सुब्रमण्यम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण से संबंधित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई और उन्होनें कहा कि आज पृथ्वी खतरे में है अतः प्रत्येक वस्तु को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं द्वारा पौधों का संरक्षण करने हेतु शपथ ली गई। इस अवसर पर डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. के.एल. राठी, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. सुबोध देवांगन, श्री सुरेश राव, अंशुल देवांगन, के. स्तुति तथा बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

**(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)**
**प्रभारी प्राचार्य**
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 05.08.2024

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिये आयोजित दीक्षारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक श्री गजेन्द्र यादव थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्यअतिथि महोदय के माँ सरस्वती की पूजन-अर्चन से हुआ। प्रभारी प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में छात्राओं को सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की बात कहते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

मुख्यअतिथि श्री गजेन्द्र यादव ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम छात्राओं को दीक्षारम्भ में दीक्षा का अर्थ बताते हुए आदि काल का उदाहरण देकर समझाया। उन्होनें छात्राओं से कहा कि वे महाविद्यालय के प्रेक्षागृह तथा अन्य सभी समस्याओं का यथा संभव निराकरण करने का प्रयास करेंगे। उन्होनें राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नवाचारों के महत्व एवं कौशल उन्नयन को विस्तार से बताया।

छात्राओं की बहुसंख्या को देखते हुए इस कार्यक्रम को तीन कक्षों में आयोजित किया गया जिसमें जिन्हें डॉ. ऋचा ठाकुर एवं डॉ. सुनीता गुप्ता ने पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। डॉ. अनिल जैन, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग ने आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यशाला की जानकारी दी। डॉ. मीरा गुप्ता, संकायाध्यक्ष, भौतिकशास्त्र ने आयोजित विज्ञान दिवस, गणित दिवस, जल संरक्षण, पौध संरक्षण के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की।

डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने महाविद्यालय के अनुशासन का पालन करते हुए मोबाईल का परिसर के अन्दर प्रयोग न कर परिसर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना योगदान देने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजिका डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य बताते हुए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी साथ ही साहित्यिक, सांस्कृतिक, एन.सी.सी. का विस्तार से बताया। क्रीड़ाधिकारी, डॉ. ऋतु दुबे ने महाविद्यालय में आयोजित खेलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा महाविद्यालय की राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं विभिन्न खेलों में महाविद्यालय के विजयात्रा के बारे में बताया। महाविद्यालय द्वारा दी जाने वाली खेल सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्रथम सेमेस्टर की चारों संकायों की सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त छात्राओं को एनईपी एम्बेसेडर नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालयीन गतिविधियों की पत्रिका कैम्पस न्यूज का विमोचन मुख्य अतिथि महोदय द्वारा किया गया। बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु. राजलक्ष्मी ने अतिथि महोदय का पोर्ट्रेट स्केच भेंट किया।

डॉ. मंजूलता साव ने पुस्तकालय की पुस्तकों को अधिक से अधिक उपयोग करने एवं उसका लाभ लेने को कहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं डॉ. मोहम्मद शोयेब तथा आभार प्रदर्शन डॉ. मंजूलता साव ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी श्री किशोर अहिरवाल, श्री अनिकेत यादव तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं प्रथम सेमेस्टर की नवप्रेशित छात्रायें उपस्थित थी।

प्रभारी प्राचार्य
डॉ. डी.सी. अग्रवाल
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)











कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में विश्वकर्मा जयंती

शास.डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में विश्वकर्मा जयंती के अवसर महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस विभाग द्वारा विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक श्री गणेश राम नायक (कम्प्यूटर साईंस विभागाध्यक्ष) सहायक प्राध्यापक श्री जागृत ठाकुर, श्रीमती नीकू साहू एवं बी.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस, बी.कॉम. कम्प्यूटर एप्लीकेशन व पीजीडीसीए की छात्रायें उपस्थित थे।

इस अवसर पर कम्प्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वकर्मा जी के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें भी सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये लगन, नियमित प्रयास करना चाहिए। जब तब लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये, इसके अलावा विश्वकर्मा जी से प्रेरणा लेकर भविष्य में सफल होने के बारे में भी चर्चा किया गया।

तत्पश्चात् प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने विश्वकर्मा जी के कार्यों का उल्लेख करते हुये उनकी जीवनी का संक्षिप्त में व्याख्यान किया। भगवान विश्वकर्मा जी ने इन्द्रपुरी, द्वारिका, हस्तीनापुर, स्वर्ग लोक आदि का निर्माण किया उसी तरह सभी विद्यार्थी अपने जीवन में कुछ अच्छा प्राप्त करने हेतु आगे बढ़ें इसके साथ ही छात्राओं को उनके भविष्य के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया गया।

कम्प्यूटर साईंस विभाग के छात्राओं द्वारा भी विश्वकर्मा जी के जीवनकाल एवं कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन श्री गणेश राम नायक एवं आभार प्रदर्शन श्री जागृत ठाकुर ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में विश्वकर्मा जयंती












कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में ‘‘गुरू संग गोठ’’

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में ‘‘गुरू संग गोठ’’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि सम-सामयिक मुद्दों पर आधारित गुरू संग गोठ एक महत्वकांक्षी कार्यक्रम है, जिसमें छात्राएँ एवं प्राध्यापक खुलकर समस्या, कारण एवं निवारण पर चर्चा करते है। ‘‘नारी सुरक्षा पर उठते सवाल’’ पर आधारित इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने साईबर क्राईम के प्रति जागरूक एवं सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। विषय - विशेषज्ञ डॉ. सुषमा यादव ने आंकड़ों के साथ महिलाओं से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान की। डॉ. मुक्ता बाखला ने महिलओं पर होने वाले विभिन्न उत्पीड़न एवं उनसे बचाव पर चर्चा की। कविता मालेकर, अर्चना, रोशनी, लुबना एवं शेख साहीबा ने अपने विचार व्यक्त किये।

महिला प्रकोष्ठ की डॉ. मोनिया राकेश सिंह एवं श्रीमती ज्योति भरणे ने छात्राओं की सुरक्षा के उपाय सुझाये। कार्यक्रम का संचालन तबस्सुम अली और धन्यवाद ज्ञापन माज़दा खातुन ने किया। इस अवसर बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
## गर्ल्स कॉलेज में "गुरू संग गोठ"






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम-शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788-2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 22/03/2025

// प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज में
## विश्व वानिक एवं विश्व जल दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के भूगोल विभाग द्वारा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विश्व वानिकी एवं विश्व जल दिवस का आयोजन 21 मार्च व 22 मार्च 2025 के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उन्होनें बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के 28 नवम्बर 2012 के प्रस्ताव द्वारा 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस की स्थापना की गई प्रत्येक वर्ष विभिन्न कार्यक्रम वर्तमान और भविष्य के पीढ़ियों के लाभ के लिए सभी प्रकार के वनों और वनों के बाहर के पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता विश्व वन दिवस मनाते है। उसी प्रकर बढ़ाते है और विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व जल के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी धान केन्द्रित करना है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विश्व वानिकी दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि प्रत्येक वर्ष 13 मिलियन हेन्टेयर से अधिक जंगल नष्ट हो जाते है यह इंग्लैण्ड के आकार के बराबर है जैसे वनों की स्थिति में कमी होती है वैसे ही उनमें पाए जाने वाले पौधे और पशु प्रजातियाँ भी खत्म होती है। उसी प्रकार विश्व जल दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी जीवित प्राणियों की उत्पत्ति जल में हुई है वैज्ञानिक अब पृथ्वी के अलावा अन्य ग्रहों पर पहले पानी की खोज को प्राथमिकता देते है। पानी के बिना जीवन संचालित ही नहीं हो पायेगा। इसी कारणवश अधिकांश संस्कृतियां नदी के पानी के किनारे विकसित हुई है।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए श्री नितिन कुमार देवांगन ने कहा कि इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस 2025 को ''वन और भोजन'' के थीम के तहत तैयार किया गया है जिसमें भोजन, पोषण और आजीविका में वनों की मौलिक भूमिका को मान्यता दी गई है। उसी प्रकार विश्व जल दिवस वैश्विक जल संरक्षण के वास्तविक क्रियाकलापों को प्रोत्साहन देने के लिए विश्व जल दिवस को सदस्य राष्ट्र सहित संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाता है। विश्व जल दिवस 2025 का थीम - ''ग्लेशियरों का संरक्षण है'' क्योंकि ग्लेशियर पहले से कहीं ज्यादा तेजी से पिघल रहे है। अतः इसका संरक्षण आवश्यक है जो कि प्रमुख ताजे पानी के स्त्रोत है।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में "हुनर" कार्यक्रम के तत्वावधान में भारतीय पारंपरिक कलाओं की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दुर्ग–शासकीय डॉ.वा.वा.पटानकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास इकाई के ''हुनर '' कार्यक्रम के तत्वावधान में विशिष्ट तीन भारतीय पारंपरिक कलाओं – तंजोर ,पिछवाई एवं लिप्पन आर्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विषय विशेषज्ञ श्रीमती दिव्या हुड्डर के कुशल मार्गदर्शन में इन कलाओं की बारीकियाँ समझाई और सिखाई गई। प्राचार्य डॉ.डी.सी.अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल धरोहर की जानकारी देना अवशायक है ।

प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश के अनुसार ये तीनों कलाएँ अत्यंत सुंदर होने के साथ मूल्यवान भी है । हमारे देश ही नहीं विदेशों में भी इन्हें सराहा जाता है और इनकी बहुत माँग है । छात्राएँ इसमें अपना रोजगार बना सकती है ।

डॉ.तोशीना तैलंग ने राजस्थान और गुजरात की लिप्पन कला की जानकारी दी। डॉ.पूजा सोनकर ने बताया कि तंजोर एक दक्षिण भारतीय प्राचीन कला है जिसका नाम इसके उत्पत्ति शहर से रखा गया है, डॉ अनामिका वस्त्रकार ने राजस्थान की पिछवाई कला का परिचय दिया। छात्राओं द्वारा निर्मित कलाकृतियाँ की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यशाला का सफल आयोजन सुश्री तबस्सुम अली द्वारा किया गया ।

डॉ.डी.सी.अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ.वा.वा.पटानकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय दुर्ग

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# तीन दिवसीय कार्यशाला






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.02.2025

## //प्रेस विज्ञप्ति//

# विश्व आर्द्र भूमि दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) भूगोल विभाग के तत्वाधान में बसंत पंचमी और विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि 2 फरवरी 1971 को आर्द्र भूमि विषय पर बैठक हुई। इस बैठक को अपनाने के उपलक्ष्य में हर साल 2 फरवरी को विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाया जाता है। यह आर्द्र भूमि के मूल्यों और कार्यो उनके संसाधनों के उपयोग और उनके पर्यावरण महत्व के बारे में समाज के सभी वर्गो के बीच जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने जानकारी देते हुए बताया की विश्व आर्द्र भूमि दिवस 2025 का थीम **'PROTECTING WETLANDS FOR OUR COMMON FUTURE'** है जो हमारे जीवन को बेहतर बनाने में आर्द्र भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि आर्द्र भूमि बाढ़, सुरक्षा, स्वच्छ जल, जैव विविधता और मनोजरंजन के अवसरों में कैसे योगदान देती है। जो सभी मानव स्वास्थय और समृद्धि के लिए आवश्यक है।

सहायक प्राध्यापक श्री नितिन कुमार देवांगन जनभागीदारी ने इस कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि आर्द्र भूमि विश्व के सबसे उत्पादक पारिस्थितिक तंत्रों में से एक है। और वन्य जीव संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। आर्द्र भूमि हमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने और महत्वपूर्ण मीठे पानी के संसाधनों को सुरक्षित करने में मदद करती है।

इस कार्यक्रम में प्रयोगशाला तकनीशियन श्रीमती सुनीता कुमारी बेर एवं एम.ए. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्राऐं उपस्थित रही।



*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.03.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

# अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में महिला प्रकोष्ठ एन0 एस0 एस0 के तत्वाधान से अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को आह्वाहन किया कि वह शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक रूप सशक्त बने। उन्होंने आगे कहा कि परिवार में जब बेटी जन्म लेती है तो परिवार संवर जाता है। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से छात्राऐं वॉलिंटियर के रूप में प्रशिक्षित होकर समाज में अन्य महिलाओं को सशक्त करने का कार्य करती हैं।

ख्याति प्राप्त स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 संगीता सिन्हा ने स्वाथ्यगत समस्याओं एवं उससे बचाव की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता एवं समूह चर्चा का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से छात्राओं ने अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं समृद्ध होने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। पोस्टर प्रतियोगिता में चुनिका चन्द्राकर, ऋतु देवांगन, शिलमन ठाकुन, संध्या चक्रधारी, भिनेश्वरी सोनवानी एवं राजकुमारी अहिरवार को पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं स्लोगन प्रतियोगिता में किरण निषाद, वर्षा खुटेल, कुसुम देशमुख, दुर्गा साहू, कुंजबाला पटेल, रिया बारले, जैनब निजामी एवं भूमि चन्द्राकर को पुरस्कार प्राप्त हुए।

समूह चर्चा में रिया बारले, अनुप्रिया, सुष्मिता पाढ़ी, रूद्राणी विश्वास, जया यादव, लुबना अमनखान, शिलमन ठाकुर एवं कविता मालेकर ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, डॉ0 यास्मिन परवेज, डॉ0 चांदनी अफसाना, डॉ0 संध्या यादव, कु0 तबसुम अली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मोनिया राकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.04.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## विश्व पृथ्वी दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के वनस्पतिशास्त्र, भूगोल विभाग एवं प्राणीशास्त्र के संयुक्त तत्वाधान एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं के साथ अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ में प्रातः 11 बजे विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई जिसमें पर्यावरण तथा पृथ्वी संरक्षण पर नारे लगाये गए। तत्पश्चात् विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिसमें श्लोगन प्रतियोगिता में 22, पोस्टर प्रतियोगिता में 12 तथा भाषण प्रतियोगिता में 11 छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ0 मधुलिका रॉय, से0 नि0 विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र, शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई, जिला– दुर्ग अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। विश्व पृथ्वी दिवस पर उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए ''हमारी शक्ति हमारी पृथ्वी है'' विषय पर व्याख्यान दिया। पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखना हम सभी का दायित्व है साथ ही पर्यावरण का संरक्षण एवं समाधान पर व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विधि खरे, द्वितीय स्थान पर लिलेश्वरी साहू एवं जैनब निजामी तथा फरहाना परवीन तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी गेन्ड्रे, द्वितीय स्थान पर वंदन कुंजाम एवं आरती निर्मलकर तथा येश्वर्या तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम लिलेश्वरी साहू द्वितीय स्थान पर आर्या अवस्थी एवं कुसुम देशमुख तथा अंकिता पॉल तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ0 एम0 लक्ष्मी प्रसूना, विभागाध्यक्ष, वनस्पतिशास्त्र, डॉ0 सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग एवं डॉ0 लता मेश्राम, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र, डॉ0 शोएब सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 चांदनी अफसाना, अतिथि व्याख्याता एवं आभार प्रदर्शन कु0 दीक्षा जोशी, अतिथि व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर श्रीमती कविता वैष्णव, कु0 प्रीति चन्द्राकर, श्री नितिन देवांगन के साथ महाविद्यालयीन छात्राऐं उपस्थित रहीं।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# विश्व पृथ्वी दिवस


GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRL'S PG COLLEGE,
DURG (C.G.)
WORLD
EARTH DAY
APRIL 22


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRL'S PG COLLEGE,
DURG (C.G.)
WORLD
EARTH DAY
APRIL 22nd



**OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVT. DR. W. W. PATANKAR GIRLS P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)**

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
College Code: 1602

Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
AISHE CODE : c-21647

**Durg, Date 17.04.2025**

# /NOTICE/

This is to intimate you that on 23/Apr/2025 English Department is willing to celebrate William Shakespeare Day (English Day) for which there will be a Poetry Recitation competition and Quotation Writing competition. As it is the Birthday of William Shakespeare so all the students are requested to come and attend the celebration .It is mandatory for all the students to be the part of this event.

| S.No. | Time | Competition | Convener |
|---|---|---|---|
| 23/04/2025 | 11:00 am | Poetry Recitation | Mrs. Vandana Banjare (H.O.D)<br>Dr. Sandhya Singh Yadav |
| | 12:00 pm | Quotation Writing | |

17/4/25

**Mrs. Vandana Banjare**
**HOD (English)**

**Dr. Ranjana Shrivastava**
**Principal**
**Govt. W.W. Patankar Girls PG College, Durg (C.G.)**

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


दिनांक : 23.04.2025

विषय – William Shakespeare's Day.

| क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर | क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Kiran Nishad | MA-II sem (Eng.) | [signature] | | | | |
| 02. | Saba Afreen | MA II nd sem | Saba | | | | |
| 03. | Vaidehi soni | MA II Sem | [signature] | | | | |
| 04. | Mahak Afroj | M.A Sem IV | [signature] | | | | |
| 05. | Depika Banjare | MA II Sem (English) | Deepika | | | | |
| 06. | Sweta Thakur | MA II nd sem | Sweta | | | | |
| 07. | Ayushi singh. | MA II sem | Ayush | | | | |
| 08. | Dimple kaur | MA II nd Sem Eng. | Kaur | | | | |
| 09 | Anku Rajput | MA II nd Sem Eng. | [signature] | | | | |
| 10 | Inderpal | MA II nd Sem Eng | Kaur | | | | |
| 11 | Gungun Raut | MA II nd Sem Eng. | [signature] | | | | |
| 12 | Neha Sinha | MA II nd Sem Eng | [signature] | | | | |
| 13 | Aishwariya | MA II nd Sem Eng. | Aishwarya Kore | | | | |
| 14 | Aditi Sahu | MA II nd Sem Eng. | [signature] | | | | |
| 15 | Tripti Yadav | IV MA Sem | Tripti | | | | |
| 16 | Riya Baule | M.A 4th Se | [signature] | | | | |
| 17 | Yamini | MA 4th Sem | [signature] | | | | |
| 18 | kavita | M.A IV | kavita | | | | |
| 19. | Laxmi | M.A IV | Laxmi | | | | |
| 20 | Prakriti | M.A. IV | Prakriti | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

[signature] 23/04/25

[signature]

प्राचार्य

OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVT. DR. W. W. PATANKAR GIRLS P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
College Code: 1602

Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
AISHE CODE : c-21647


**Durg, Date 23.04.2025**

# /REPORT/

On April 23rd 2025 William Shakespeare's Day was celebrated in department of English in which various competitions were held.

The celebration was started by the speech of Indrapal M.A. II semester student, in which she depicted William Shakespeare's journey in the field of English literature. The speech was magnificent and alluring. The students of M.A. II & IV Semester reciated their poetry.

The students who participated in a poster making competition on quotations in which Kiran Nishad and Riya Barley's quotations were very magnificent. The theme of the quotations were relevant to William Shakespeare's writing which gives a good thought and message to the students.

In this activity Mrs. Vandana Banjare and Dr. Sandhya Singh Yadav gave their valuable co-operation.











**Mrs. Vandana Banjare**
**HOD (English)**

**Dr. Ranjana Shrivastava**
**Principal**
**Govt. W.W. Patankar Girls PG College, Durg (C.G.)**